आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के धर्मशाला में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने आज सुबह कचहरी में जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नए भवन का उद्घाटन किया और जिला परिषद के डीपीओ कर्मचारी आवास की आधारशिला रखी। इसके अलावा धर्मशाला के शामनगर रोड पर स्थित उत्तरी क्षेत्र के डिजिटल फॉरेंसिक डिविजन–आरएफएसएल में उन्नत उपकरण प्रयोगशाला का भी शुभारंभ किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद कलियाड़ा में नए इंडोर स्टेडियम का भी उद्घाटन करेंगे।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के धर्मशाला में चल रहे शीतकालीन सत्र की आज सातवीं बैठक है। प्रश्नकाल के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे।

*धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज सातवां दिन है। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी, जिसमें विधायकों द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों, सेवानिवृत कर्मचारियों, मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात सलाहकारों, मुख्यमंत्री के विदेशी प्रवास, खिलाड़ी यात्रा रियायत, कार्यालयों को शिमला से स्थानांतरित करने, वन स्वीकृतियों, वितीय धोखाधड़ी, पिछड़ी पंचायतों व सीवरेज से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। इसके अलावा आज सदन में दो सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श और पारण होना है, जिनमें हिमाचल प्रदेश नगर निगम द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 और हिमाचल प्रदेश नगर पालिका द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 को सदन में विचार विमर्श के लिए रखा जाएगा और इसे पारित किया जाएगा। आज गैर सरकारी कार्य दिवस भी है। इस दौरान विधायक इंद्र दत लखनपाल, त्रिलोक जम्वाल, जीत राम कटवाल और डॉक्टर जनक राज अपने–अपने संकल्प सदन में उठाएंगे।*

भाजपा रैली

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आज धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश सरकार के 3 साल में लिए गए फैसलों के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालेगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों को भाजपा जनता के बीच ले जाएगी और ये प्रदर्शन कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनआक्रोश का प्रतीक बनेगा।

## दिव्यांग भत्ता

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन भत्ता नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। नए संशोधन के तहत अब दिव्यांग राहत भत्ता पाने के लिए न आयु और न ही आय सीमा की शर्त लागू होगी। इस संदर्भ में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार यह लाभ उन्हीं दिव्यांगों को मिलेगा जो किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी विभाग, बोर्ड, या निगमों में कार्यरत न हो और किसी अन्य प्रकार की पेंशन प्राप्त न कर रहे हो।

## आइस स्केटिंग

राजधानी शिमला स्थित एशिया के सबसे बड़े प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में इस सीजन में बर्फ की पहली परत जम गई है। ऐसे में स्केटिंग प्रेमियों का इंतजार खत्म हो गया है। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के महासचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि आज से रोजाना सुबह के समय में स्केटिंग के सत्र शुरू कर दिए गए हैं। 105 वर्ष पुराने इस आइस स्केटिंग रिंक में हर वर्ष स्केटिंग के शौकीनों के लिए विभिन्न सत्र और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादलों के बीच धूप खिली है। पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार आ रही गिरावट से लोगों को शुष्क ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार कल 5 दिसम्बर को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

इधर, साफ मौसम के चलते मनाली से रोहतांग सड़क पर आगामी 10 दिसंबर तक के लिए वाहनों की आवाजाही फिर शुरू कर दी गई है। कुल्लू के उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने कल इस सड़क का निरीक्षण किया और प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक यातायात बहाली के निर्देश दिए। इस सड़क के खुल जाने से देश–विदेश से आए पर्यटकों को रोहतांग दर्रे पर पड़ी बर्फ व प्राकृतिक सुंदरता के दीदार का अवसर एक बार फिर मिलेगा।